So, the Indians who are lustful, wrathful, greedy, the ones with attachment, egotistic in this way, the seed form souls of this world are so *powerful*. They become the *direct* children of God. God is the highest one in the world. God is such an almighty soul who makes us into the king of the kings, so, will His children be less *powerful* or more *powerful*? They are certainly more powerful, but if the same children… if the children of kings and emperors fall in with bad company, are the children of kings and emperors spoilt more or are the children of a poor person spoilt more? (Everyone said: [The children] of kings and emperors.) Who become more dangerous? (Everyone said: [The children] of kings and emperors.) The child of a king or an emperor becomes very dangerous, very spoilt. Similarly, these children of God are [like] monkeys. It is called the army of Ram. As for the rest, it is not that God took an army of monkeys [in reality]. Human being himself becomes like monkey.

तो उन्होंने लिख दिया है मनुष्य 84 लाख योनियों में जाता है। अरे मनुष्य 84 लाख योनियों में नहीं जाता है, 84 लाख योनियों जैसे कर्म करने लग पड़ता है। सूरत मनुष्य की और सीरत बन्दरों जैसी हो जाती है। बाकी ऐसे नहीं है कि भगवान ने आकरके बन्दरों को पढ़ाई पढ़ाई, भगवान ने आकरके घोड़े का अवतार लिया, घोड़ों को पढ़ाई पढ़ाई, हैग्रीव अवतार लिया, भगवान ने आकरके मछली का अवतार लिया - मत्स्यावतार, मछलियों को पढ़ाई पढ़ाई, राजयोग सिखाया, ऐसा कुछ नहीं है। ये मनुष्यात्माओं के चरित्र हैं जिन्होंने ऐसे-ऐसे पार्ट बजाए हैं। सूअर का अवतार लिया। सूकर अवतार दिखाय दिया। अरे भगवान को मनुष्य पढ़ाने के लिए नहीं मिले? सूअर पढ़ाने के लिए मिला? अरे पढ़ाई पढ़ने वालों में जो-जो मनुष्य थे, उन मनुष्यों में से भी सूअर की जाति के मनुष्य ऐसे थे। जो काहे में लोटते हैं? कीचड़ में लोटते हैं। सूअर कहाँ लोटता है? लोट लगाता है कीचड़ में। ये विषय विकार क्या हैं? ये कीचड़ में लोट लगाने वाली बात है। कीचड़ में रमण करता है।

So, they have written that human being passes through 84 lakh (8.4 million) species. *Arey*, a human being does not pass through 84 lakh species [in reality], he starts performing actions like [the creatures in] the 84 lakh species. They have a human face, but the behavior becomes like that of the monkeys. Well, it is not that God came and taught lessons to the monkeys, that God incarnated as a horse [and] taught lessons to the horses, that He incarnated as a

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

horse (*haigriiv avataar*), that God came and incarnated as a fish [called as] *matsyaavataar* [and] taught lessons to the fishes, taught them Raja yoga; there is nothing like that. It is about the acts of human souls who have played parts in this way. [It is said that] He incarnated as a boar (*suar*). They have shown *sukaraavataar* (boar incarnation). *Arey*, doesn't God find human beings to teach? Did He find a pig to teach? *Arey*, even among the human beings who studied the knowledge, there were such human beings [with the character] of the species of pig. In what do they roll about? They roll about in mire. Where does a pig roll about? It rolls about in mire. What are these vices? It is rolling about in mire. It (the pig) delights in mire.

ऐसे जो विकारी मनुष्य हैं मनुष्य सृष्टि के इस्लाम धर्म की आत्माएं महाविकारी, एक स्त्री से तो उनका जिंदगी में काम चलता ही नहीं। इसलिए धरम में नूँध कर दी है कि चार-चार शादियाँ कर सकते हो। तो ऐसी मनुष्य जाति के जो प्राणी होते हैं उनमें से जो सबसे पावरफुल प्राणी हैं इब्राहिम, वो इब्राहिम ऊपर से जो आत्मा आती है आत्म लोक से उसका गायन है या ऊपर से आने वाली आत्मा जिन देवताओं में प्रवेश करके उनको कनवर्ट करती है उसका गायन है? (जिज्ञासु - जिनमें प्रवेश करती है।) जिसमें प्रवेश करती है उसका गायन है। ये जितने भी धरमपितायें आए वो सीधे आके कोई बच्चा नहीं बन जाते हैं। परमधाम से जो आत्मा आएगी, पवित्र लोक से आएगी तो पवित्र आत्मा होगी या अपवित्र आत्मा होगी? पवित्र आत्मा होती है। पवित्र आत्मा गर्भ से जन्म नहीं ले सकती। इसलिए जो सतयुग त्रेता में जन्म लेते-लेते-लेते जो देवात्माएं नीचे उतरीं द्वापरयुग में उनमें से जो श्रेष्ठ आत्मा है लेकिन पढ़ाई कम पढ़ी है, पूरी पढ़ाई नहीं पढ़ी, ऐसी अधूरी पढ़ाई पढ़ने वाली आत्माओं में जो श्रेष्ठ है उसमें प्रवेश करती है। वो ही सूकर अवतार कहा गया।

Such vicious human beings of the human world, the souls of the Islam religion are the most vicious ones. They aren't satisfied with [just] one wife in their life at all. This is why they have made this rule in their religion that they can marry four times. So, the most *powerful* living being among those belonging to such human race [is] Abraham. Is the soul of Abraham who comes from above, from the Soul World famous or are the deities in whom the souls coming from above enter and *convert* them famous? (Student: The ones in whom it enters.) The one in whom it enters is famous. All the religious fathers who arrived do not become a child directly. The soul that comes from the Supreme Abode comes from a pure abode, so will it be a pure soul or an impure soul? It is a pure soul. A pure soul cannot be born through the womb. This is why the deity souls who degraded in the Copper Age while having births in the Golden and the Silver Ages, among them, the soul who is elevated but has studied less, who didn't study the knowledge completely… it enters the elevated soul among the souls who study incomplete knowledge. That itself is said to be the boar incarnation.

बाकी भगवान कोई 24-24 अवतार नहीं लेते। 10-10 अवतार नहीं लेते जो दशावतार शास्त्रों में बताए गए हैं। जो गीता में लिखा हुआ है संभवामि युगे-युगे। हर युग में आता हूँ, चार युग में चार अवतार कह लो। फिर कहीं 10 अवतार कहीं 24 अवतार, ये क्या चक्कर है? भगवान तो सिर्फ जब ये सृष्टि रूपी मकान बहुत पुराना तमोप्रधान हो जाता है दुखदायी कलियुग बन जाता है, पापी युग बन जाता है, तब आते हैं, ऐसे नहीं कि द्वापर के अंत में

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

कृष्ण का रूप धारण करके भगवान आया और पापी कलियुग की स्थापना करके चला गया। अरे, भगवान आवेगा तो सुख की दुनिया बनावेगा या पापियों की दुनिया बनावेगा? दुख की दुनिया बनाने के लिए भगवान आता है क्या? अरे लौकिक दुनिया का भी बाप होता है वो अपने बच्चों के लिए सुख देने के लिए नया मकान बना के जाता है या दुख देने के लिए जाता है? दुख देकरके बाप नहीं जाता। बाप हमेशा अपने बच्चों के लिए खुशी की सृष्टि रचता है। वो तो बेहद का बाप है।

As for the rest, God doesn't take 24 incarnations; He doesn't take 10 incarnations that have been mentioned in the scriptures. It has been written in the Gita: *Sambhavaami yuge yuge* [meaning] I come in every age. You can say that [He takes] four incarnations in the four ages. Then somewhere [it is mentioned that there are] ten incarnations and at some other places it has mentioned that there are 24 incarnations; what is this? God comes only when this house like world becomes very old, *tamopradhaan*, sorrowful Iron Age, when it becomes a sinful age. It is not that God arrived in the form of Krishna at the end of the Copper Age and departed after establishing the sinful Iron Age. *Arey*, when Gold comes, will He create a world of happiness or will He create a world of sinful ones? Does God come to create a world of sorrow? *Arey,* even in case of the father in the *lokik* world , does he build a new house to give happiness to his children and then goes or does he depart after giving sorrow? The father doesn't depart after giving sorrow. The father always creates a world of happiness for his children. [And as regards Him], He (God) is the unlimited Father.

Part-4

समयः 34.36-37.27

जिज्ञासुः बाबा, प्रश्न अधूरा रह गया। शंकर के आस-पास सांप है छोटे-2 और विष्णु के नजदीक बड़ा सांप है ।

बाबाः हाँ, गले में नहीं लटका है। (जिज्ञासुः नहीं, वो शेषनाग।) हाँ, वो आराम से लेटा हुआ है। (जिज्ञासुः तो वो कौनसा सांप है?) लेटा हुआ का मतलब ये है कि जो भी बड़े से बड़े सांप हैं जिसे शेषनाग कहो, वासुकी नाग कहो, जो अनेक फनों वाला है। क्या? कितने फन दिखाते हैं? पांच फन दिखाते हैं। वो ही रावण के रूप हैं। उनके ऊपर आराम से लेटता है। कोई चिन्ता नहीं। वो भी सुखदायी बन जाते हैं। क्या? कनवर्ट हो जाते हैं। जैसे जो भारतवासी दूसरे-दूसरे धर्मों में कनवर्ट होकरके कोई क्रिश्चियन बने, कोई मुसलमान बने, कोई बौद्धी बन गए। वो ही कनवर्ट होने वाली आत्माएं जब भगवान आते हैं वो देवी-देवता सनातन धर्म के कच्चे देवताएं बन जाते हैं, कम कला वाले, कम जन्म लेने वाले। उनके जो मुखिया हैं, वो ही सांपों के रूप में नीचे पड़े हुए दिखाए गए हैं। तो विष्णु में और शंकर में अंतर है।

Time: 34.36-37.27

Student: Baba, the question was left incomplete. Small snakes are shown around Shankar and the snake shown near Vishnu is big.

Baba: Yes, it is not hanging around the neck. (Student: No, the *Sheshnaag*.) Yes, he (Vishnu) is lying comfortably. (Student: Which snake is it?) He is lying on it means the biggest snake, call it *Sheshnaag* or Vasuki *naag*, it has many hoods. What? How many hoods are shown?

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Five hoods are shown. They themselves are the forms of Ravan. He (Vishnu) lies comfortably on them. There is no worry. They (the snakes) become pleasurable, too. What? They *convert*. For example, the Indians converted to other religions and some became Christians, some became Muslims and some became Buddhists. On the arrival of God, the same souls who have converted become the weak deities of the Ancient Deity Religion, the ones with fewer celestial degrees, the ones who have fewer births. Their heads themselves have been shown lying below in the form of snakes. So, there is a difference between Vishnu and Shankar.

शंकर के गले में पड़े हुए हैं। गले पड़ गए। क्या करें? मिले न फूल तो कांटों से दोस्ती कर ली। ये गले पड़ गए हैं। इनको निबाह करना ही पड़ेगा। पूर्व जन्मों का हिसाब-किताब है। द्वापर-कलियुग में जन्म लिए ना। इन्हीं राजाओं के साथ जन्म लिए हैं जिन्होंने राजयोग सीख करके जन्म-जन्मान्तर राजाएं बने। ये राजाएं भारत के आपस में सबसे जास्ती मुड़मुटौल करते रहे हैं या प्यार से रहे हैं? भारत के राजाओं ने आपस में खूब मुड़मुटौल की। जब कोई विदेशियों का आक्रमण होता था तब उनकी आँखें खुलती थीं। और जो उस समय भारत का बड़ा राजा होता था उसकी शरण लेकरके, इकट्ठे होकरके लड़ाई लड़ते थे। नहीं तो ये सब आपस में एक-दूसरे को धोखा देने वाले हैं। भारत का नाम बदनाम करने वाले हैं। अगर ये भारतवासी राजाएं राम वाली आत्मा के पूर्वजन्मों में सहयोगी बनकरके रहे होते और विदेशियों से लगातार मुकाबला किया होता तो भारत की ये दुर्दशा नहीं होती। अभी भी ऐसे ही है।

They are hanging around the neck of Shankar. They have clung to him! What can he do? When he did not find flowers, he befriended the thorns. These ones have clung to him. He will have to carry on with them. There are the karmic accounts of the previous births. He had births in the Copper and the Iron Ages, didn't he? He was born with these very kings who learnt Raja yoga and became kings for many births. Have these kings of India been fighting with each other the most or have they been living affectionately? The kings of India fought with each other a lot. Their eyes used to open (they used to realize) when they were attacked by foreigners. And [then] they used to seek the asylum of the biggest king of India of that period and fought in unity. Otherwise, all these kings are the ones who cheat each other. They are the ones who defame India. Had these Indian kings been helpful to the soul of Ram in the past births and had they confronted the foreigners continuously, then India would not have reached this pathetic condition. It is the same condition even now.

समयः 37.43-43.00

जिज्ञासुः बाबा ने गारंटी दी है, जो बच्चे...में है उनका पूरा परिवार ज्ञान में चलेगा। तो परिवार में बाबा कौन-कौन शामिल हैं?...

बाबाः परिवार में जो भी खून होता है, एक परिवार के, जो भी एक घर में रहने योग्य होते हैं वो सब परिवार है। (जिज्ञासुः दूर-दूर रहें तो?) अगर परिवार के हैं, अगर कोई मुसीबत आ जाए तो कहाँ आएंगे? परिवार में ही आएंगे। वो परिवार है सारा। एक खून है। इसलिए जो भी अभी ज्ञान में चलने वाले है और डायरेक्ट भगवान को पहचाना हुआ है और भगवान के

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

सन्मुख बैठ करके पढाई पढ़ते हैं, मानते हैं, जानते हैं, और चलने का प्रयास करते हैं उन बच्चों को ये वरदान मिला हुआ है - तुम्हारा पूरा का पूरा परिवार ज्ञान में चलेगा। क्यों चलेगा? इसीलिए चलेगा कि परिवार के लोग खूब अपोजिशन कर रहे हैं अभी। अपोजिशन करने के बावजूद भी भगवान ने तुम्हें डायरेक्शन दिया है - भूं-भूं करते रहो ज्ञान की। जैसे भ्रमरी भूं-भूं करके कीड़े को आप समान बना लेती है, ऐसे ही तुम परिवार में रहते हो, सारा परिवार विरोध करता है, सारा मोहल्ला विरोध करता है, सब संबंधी विरोध करते हैं लेकिन फिर भी तुम ज्ञान की भूं-भूं करते रहते हो। तो उनके कान में तो पड़ता है ना। और कान में पड़ते हुए भी वो तुमको लात मारकरके विभीषण की तरह बाहर तो नहीं निकाल देते। ये तो चाहते हैं कि ये हमारे घर में रहें। चाहते हैं या नहीं चाहते हैं? (सभी ने कहा - चाहते हैं।) चाहते हैं। और तथाकथित ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ? वो तो तुम्हें लात मारकरके निकाल दिया। तो वो तो इतनी ग्रहण शक्ति उनमें है ही नहीं जो तुम्हारी बात को सुनें। ये कम से कम सुनते तो हैं, विरोध करते हैं तो कोई बात नहीं।

Time: 37.43-43.00
Student: Baba has guaranteed that the children who are in…, their entire family will follow the [path of] knowledge. So Baba, who are included in the family?
Baba: The blood relations in a family, those who belong to the same family, all those who live in the same home are included in the family. (Student: What if they are living far away?) If they belong to the family… if any problem arises, where will they go? They will certainly go to the family. All of them are included in the family. They have a blood relation. This is why, all those who are following the knowledge now, those who have recognized God directly and study the knowledge by sitting face to face with God, those who accept [the knowledge], know it and make efforts to follow it, those children have received this boon: Your entire family will follow the knowledge. Why will it follow? It will follow because now, the people in the family are opposing a lot. Though they oppose, God has given you the direction to keep whispering the knowledge in their ears. Just as a bumblebee buzzes around a worm and makes it equal to itself, similarly, even if the family in which you live, every member in the family opposes you, every person in the suburb opposes you, all the relatives oppose you, keep narrating knowledge. So, it does fall in their ears, doesn't it? And even if those topics fall in their ears, they do not kick you out [of the house] like Vibheeshan [was kicked out by Ravan]. At least, they want you to live in the home. Do they wish this or not? (Everyone said: They do.) They do. And what about the so-called Brahmakumar-kumaris? They kicked you out [of the centre]. So, they do not have so much grasping power at all to listen to your words. At least these people (family members) listen to you; it doesn't matter if they oppose [you].

जिज्ञासु: नहीं बाबा, हमारा प्रश्न ये है कि जो दूर रहते है...
बाबाः अभी बात पूरी नहीं हुई। तो जो सुनते हैं और फिर भी तुमको सहन करके अपने पास रखना चाहते हैं, जब संसार में भगवान की प्रत्यक्षता होगी तो सबसे पहले कौन मानेंगे? दुनिया वाले मानेंगे या तुम्हारे परिवार के लोग मानेंगे? (सभी ने कहा - परिवार के लोग।) परिवार के लोग पहले मानेंगे। क्योंकि उन्होंने पहले से ही तुम्हारी ज्ञान की बातों को सुना

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

हुआ है, समझते भी हैं लेकिन मानते नहीं हैं अभी। अभी विश्वास नहीं बैठा हुआ है। जब विश्वास बैठ जावेगा, सूर्य निकल आवेगा उस समय अमृतवेला खतम हो जावेगा। अमृतवेला जो योगीजन पुरुषार्थ करते हैं वो पुरुषार्थ का फल मिलता है। अमृतवेले का महत्व ज्यादा है। ये ज्ञान सूर्य उदय होने वाला है। उदय होने से पहले अमृतवेला चल रहा है।

Student: No Baba, my question was that those who stay far…
Baba: The topic hasn't completed yet. So, those who listen [to you] and yet tolerate you and want to keep you with them… when God is revealed in the world, who will believe [the knowledge] first of all? Will the people of the world believe it or will the family members believe it? (Everyone said: The members of the family.) The family members will accept first because they have already heard the topics of knowledge from you, they understand it as well, but they do not accept it at present. They don't have faith now. When they have faith, when the Sun has risen, the [time of] *amritvelaa*[10] will be over. The yogis who make *purushaarth* (spiritual effort) at *amritvelaa* obtian the fruits of *purushaarth*. There is more importance of *amritvelaa*. This Sun of Knowledge is about to rise. [The time of] *amritvelaa*, [the time] before the sunrise is going on.

इस अमृतवेले में जो पुरुषार्थ कर लेंगे भगवान के बताए अनुसार वो ऊँच पद पाने वाले राजघराने में जन्म लेने वाले बनेंगे। कोई महाराजा बनेंगे, कोई महारानी बनेंगे, कोई राजा बनेंगे, कोई रानी बनेंगे। कोई प्रिंस बनेंगे, कोई प्रिंसेज़ बनेंगे। कोई राज्याधिकारी बनेंगे। अकेला राजा थोड़ेही राजाई करता है। करता है क्या? नहीं करता है। लेकिन जब सूर्य निकल आवेगा, सारे संसार में प्रत्यक्ष हो जावेगा फिर अमृतवेला खतम। तो वो परिवार के लोग पुरुषार्थ नहीं कर पाएंगे। झगड़े का माहौल दुनिया में पैदा हो जाएगा। महाभारी महाभारत गृहयुद्ध शुरु हो जाएगा। खून खराबे होंगे। हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई सब आपस में लडेंगे। तो पढ़ाई शांति के टाइम पर होती है या अशांति के टाइम पर होती है? अभी शांति का टाइम चल रहा है। तो अभी मानने के लिए तैयार नहीं हैं। लास्ट में मान तो लेंगे, लेकिन पुरुषार्थ? नहीं कर पाएंगे इसलिए प्रजा पद में आ जावेंगे। स्वर्ग में तो आवेंगे लेकिन ऊँच पद नहीं पावेंगे।

Those who make *purushaarth* in this *amritvelaa* as per God's directions will achieve a high post and be born in royal clan. Some will become emperor, some will become empress, some will become kings, some will become queens, some will become *prince* and some will become *princess*. Some will become royal officers. A king does not rule alone. Does he? He doesn't. But when the Sun has risen, when it is revealed in the entire world, the [time of] *amritvelaa* will be over. So, those family members will not be able to make *purushaarth*. An atmosphere of fights will be created in the world. The massive civil war of Mahabharata will begin. Bloodsheds will take place. Hindus, Muslims, Sikhs and Christians, all will fight among themselves. So, do the studies take place when there is peace or when there is restlessness? Now a peaceful *time* is going on. They are not ready to accept now. They will certainly accept in the end, but what about *purushaarth*? They will not be able to make

[10] Early morning hours before the sunrise

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

[*purushaarth*]; that is why they will achieve the post of subjects. They will no doubt go to heaven, but they will not achieve a high post.

जिज्ञासुः जैसे हम घर-परिवार में पत्नी है, बच्चे हैं। और हमारे परिवार में भाई हैं, माता है। तो वो लोग गांव में रहते है, दूर रहते हैं। तो वो लोग आएंगे या नहीं आएंगे ज्ञान में? दूर रहते हैं, काफी दूर रहते हैं।

बाबाः तुम्हारा फर्ज क्या कहता है? पहले घर का सुधार करोगे या पर का सुधार करोगे? घर में आग लगी हुई हो तो कोई बाहर दूसरे के घर में पानी डालने जाता है? पहले अपने घर के परिवार में अपने बाल-बच्चों को आग से बचाता है। अब जान गए आप कि भगवान आके ज्ञान दे रहा है, दुनिया में आग लगने वाली है, तो आपका फर्ज क्या कहता है? घर में गांव वालों को जाके समझाना या नहीं समझाना? बस इतना कहके दूर हो जाएंगे कि वो तो दूर रहते हैं? आपको नज़दीक जाके सुनाना नहीं चाहिए? (जिज्ञासु: सुनाना चाहिए।) सुनाना चाहिए।

Student: For example, there are wife and children in my family at home. And there are brothers, mothers in my family; those people live in the village, they live far off. Will they come in knowledge or not? They live far away, they live very far.
Baba: What is your duty? Will you reform the home first or will you reform others first? If the house is on fire, does anyone go outside to put out the fire in the house of someone else? First he saves the children in his family from fire. Now, you have come to know that God has come and is giving knowledge, the world is going to catch fire, so, what is your duty? Should you go to their house and explain the people in village or not? Will you refrain just by saying that they live far away? Should you not go to them and narrate? (Student: It should be narrated.) You should narrate.

समयः 44.09-45.49

जिज्ञासुः बाबा, 2018 में जैसे बाबा ने बताया है संगमयुगी कृष्ण की प्रत्यक्षता होगी। तो उसके बाद 18 वर्ष फिर से लगते हैं इसी शरीर को कंचनकाया बनाने के लिए।

बाबाः कंचनकाया तब बननी शुरु होगी जब प्रकृति के 5 तत्व सतोप्रधान बनेंगे। ये शरीर प्रकृति का नमूना है। ये 5 तत्वों का शरीर है। ये सतोप्रधान बनना तब शुरु होगा जब 500 करोड़ की दुनिया जो है वो सतोप्रधान वायब्रेशन वाली बनेगी। तो 500 करोड़ की दुनिया सन् 36 तक रहेगी या नहीं रहेगी, 18 वर्ष तक? रहेगी ना। (जिज्ञासु: रहेगी।) तो वायब्रेशन दुनिया के गंदे रहेंगे या अच्छे बनेंगे? 2036 तक, जब तक एटम बम का इकट्ठा विस्फोट न हो... (जिज्ञासु - गंदे बनेंगे।) गंदे बनेंगे ना। तो गंदे वायब्रेशन में प्रकृति जो 5 तत्वों वाली है वो सतोप्रधान बनेगी कि और ही तमोप्रधान होती जाएगी? (सभी ने कहा - तमोप्रधान।) और ही तमोप्रधान होगी। तो ये शरीर सड़ते जावेंगे या सतोप्रधान बनेंगे? शरीर तो सड़ते जावेंगे, परंतु आत्मा योगबल से पावरफुल बनेगी।

Time: 44.09-45.49

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: Baba, Baba has said that the Confluence Age Krishna will be revealed in 2018. Then after that it takes 18 years again to rejuvenate (*kancankaayaa*) the body.
Baba: The body will start to rejuvenate when the five elements of nature become *satopradhaan*[11]. This body is a model of nature. This body is made up of five elements. It will start becoming *satopradhaan* when the world of 500 crores (five billion) [souls] will have *satopradhaan* vibrations. So, will the world of 500 crores exist till 2036, for 18 years [after 2018] or not? It will exist, will it not? (Student: It will.) So, will the vibrations of the world be dirty or will they become good? Until 2036, until the atom bombs are exploded all together… (Student: They will become dirty.) They will become dirty, won't they? So, will the nature consisting of five elements become *satopradhaan* or will it continue to become *tamopradhaan*[12] because of the dirty vibrations? (Everyone said: *Tamopradhaan*.) It will become even more *tamopradhaan*. So, will these bodies continue to decay or will they become *satopradhaan*? The bodies will certainly continue to decay, but the soul will become *powerful* through the power of yoga.

Part-5

समयः 45.51-47.42

जिज्ञासुः बाबा, जैसे कोई शरीर छोड़ता है तो वो आत्मा पुनर्जन्म लेती है। दूसरा जन्म जाकर लेती है। वह आत्मा कैसे गर्भ में प्रवेश कर लेती है? कैसे उसको पता चलता है, उस आत्मा को कि..?

बाबाः आत्मा को... कहीं बच्चा होता है, बच्चा बनकरके जब बड़ा होता है तब तक भी उसको पता कुछ भी नहीं चलता। अभी आप इतने बड़े हो गए। आपको कुछ पता चला क्या? ये कोई बात नहीं हुई। हाँ, ये है कि आदमी जब शरीर छोड़ता है तो शरीर छोड़ने से 4 महीने पहले से ही माँ का गर्भ उसके संस्कारों और वायब्रेशन के अनुसार तैयार होने लगता है। क्या? मनुष्य के शरीर छोड़ने से 4 महीने, 5 महीने पहले से ही कोई माता के गर्भ में उस आत्मा के वायब्रेशन के अनुसार, उस आत्मा के कर्मों के अनुसार, संस्कारों के अनुसार वो पिण्ड तैयार हो जाता है हाथ, पांव वाला, निर्जीव पिण्ड। क्या? अगर उसने टांग ज्यादा चलाई होगी, टांग से ढ़ेरों की हत्या कर दी होगी मार-मार के लातें तो लंगड़ा पैदा होगा। आँखों से दुष्कर्म करके, व्यभिचारी आँख बनाकरके बहुत-सी कन्याओं-माताओं को बहुत दुःख दिया होगा; आज इससे आँख लड़ाई उसको फंसाय लिया। फिर उसको छोड़ दिया। फिर दूसरे से आँख लड़ाई, उसको छोड़ दिया। तीसरे को छोड़ दिया। ऐसे मजे ले-लेकर के आँखों का बहुत दुष्कर्म कर दिया। तो कैसा पैदा होगा? अंधा पैदा होगा।

Time: 45.51-47.42
Student: Baba, for example, if anyone leaves the body, that soul is reborn. It takes another birth. How does that soul enter the womb? How does that soul come to know…?
Baba: As regards the soul, suppose there is a child [and] when that child grows up, even then he doesn't come to know anything. You have grown so big; did you come to know anything? This is not sensible. Yes, but it is true that when a person leaves his body, then four months before leaving the body, the foetus starts developing in [the next] mother's womb according

[11] Consisting in the quality of goodness and purity
[12] Dominated by darkness and ignorance

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

to the *sanskaars* and vibrations [of that soul]. What? Four [or] five months before a person leaves his body, the foetus, the non-living foetus with hands and legs develops in the mother's womb in accordance with the vibrations, in accordance with the actions, *sanskaars* of that soul. What? If he has used his leg more, if he has killed many people with his legs by kicking them continuously, then he will be born lame. If he has given sorrow to many virgins and mothers by committing evil actions through the eyes, by making the eyes adulterous; [for example,] today, he exchanged glances with one girl and trapped her [in his love]; then he left her. Then he exchanged glances with another girl and he left her. He left the third girl [after doing the same]. He enjoyed pleasure through the eyes in this way and committed evil actions a lot; so, how will he be born? He will be born blind.

समयः 47.44-51.10

जिज्ञासुः बाबा, बाली और सुग्रीव दानों भाई था। लेकिन बाली जो है वो जिससे लड़ता था उसका आधा ताकत उससे आ जाता था। लेकिन राम को ज्यादा मानते थे सुग्रीव। और सुग्रीव लड़ते थे बाली से तो उसका आधा ताकत उसमें आ जाता था। ये कैसी बात है?

बाबाः बाली का लड़का कौन था? (जिज्ञासु - अंगद।) अंगद। जिसने अपना अंग-अंग ईश्वरीय सेवा में अर्पण कर दिया। तो अंगद किसका लड़का है? बाली का। बाली ने अपने भाई का सारा राज्य हरण कर लिया। पत्नी का भी राज्य हरण कर लिया। किसने? बाली ने। और बाली को ये वरदान दे दिया। क्या? कि जो सन्मुख होकरके लड़ेगा, माने सामना करेगा उसकी आधी ताकत खत्म हो जावेगी। यहाँ मुरलियों में भी बाबा ने बोला है, बाप का तो कब सामना नहीं करना चाहिए। क्या? जो बाप का पार्ट है प्रजापिता, मनुष्य सृष्टि का हीरो पार्टधारी, शंकर, उसका अगर कोई वाचा से, क्रोध की दृष्टि से, कर्मेन्द्रियों से विरोध करता है तो क्या रिजल्ट आयेगा? उसकी आधी ताकत, जो विरोध करने वाला है, उसकी आधी ताकत का उसी समय हरण हो गया। माने वो कभी विजयी नहीं हो सकता। इसलिए फिर राम ने क्या किया? राम ने सात ताड़ों को सामने रखा। जो सात ताड़ के वृक्षों को एक बाण से ढावेगा वो बाली को मार सकता है। ताड़ के वृक्ष बहुत ऊँचे होते हैं। लेकिन छायादार नहीं होते। ये जो सात विधर्मी नारायण हैं ये ग्रेट फादर्स माने जाते हैं मनुष्य सृष्टि में। बहुत ऊँचे माने जाते हैं। लेकिन सुख की, शांति की छाया दुनियावालों को नहीं दे सकते। इनको सामने रखकरके उसका वध किया जाता है।

Time: 47.44-51.10

Student: Baba, Bali and Sugriiv were brothers. But with whomever Bali used to fight, half the strength [of the opponent] used to come in him. But Sugriiv had a lot of faith in Ram. And when Sugriiv used to fight with Bali, half of his strength was transferred to him (Bali). How is it so?

Baba: Who was Bali's son? (Student: Angad.) Angad. The one who dedicated every part of the body (*ang*) in the service of God. So, whose son is that Angad? Bali's son. Bali seized the entire kingdom of his brother. He seized the kingdom of his wife as well. Who? Bali. And Bali received this boon. What? That whoever fights with him being face to face, i.e. whoever confronts him will lose half of his strength. Baba has said here, in the murlis as well: you should never face the Father. What? What will be the *result* if someone opposes the one who

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

plays the *part* of the Father, Prajapita, the *hero* actor of this human world, Shankar through words, through vision, through the *karnendriyaan*[13]? He [meaning] the opponent will lose half his strength at that very moment. It means, he will never be victorious. This is why, what did Ram do? Ram stayed [behind] seven palm trees in front of him. [It is said:] The one who makes seven palm trees fall down with [just] one arrow can kill Bali. Palm trees are very tall, but they do not provide shade. These seven *vidharmi*[14] Narayans are considered to be the *great fathers* in the human world. They are considered to be very great. But they cannot provide the shade of happiness and peace to the people of the world. [Bali] is killed by keeping them in front.

समयः 51.11-52.48

जिज्ञासुः बाबा, जैसे कोई आत्मा शरीर छोड़ती है, शरीर छोड़ने के 4 महीने पहले उसका पिण्ड बन जाता है। आत्मा को कैसे पता चलता है कि हमारा वही पिण्ड है?

बाबाः अरे तुम्हें अभी मालूम पड़ा? पूर्व जन्म की कोई भी बात किसी को मालूम पड़ती है क्या? (जिज्ञासु: फिर कैसे उधर पहुँच जाती है?) अपने संस्कारों के अनुसार पहुँचती है। अपने संस्कारों के अनुसार जिस माता के गर्भ में पहुँचना होगा वो हिसाब-किताब उसने पूर्व जन्म में ही बांध लिया। जहाँ जीत वहाँ जन्म। वो जो माता निमित्त बनेगी, माँ-बाप निमित्त बनेंगे, जिन माँ-बाप को उस आत्मा का बच्चा बनने के बाद टट्टी-पेशाब साफ करनी पड़ेगी, ऐसा कर्मबंधन उन माँ-बाप ने पूर्व जन्म में बांध लिया है। बच्चे माँ-बाप के दास-दासी बनते हैं या माँ-बाप बच्चों के दास-दासी होते हैं? (सभी ने कहा - माँ-बाप।) सारी जिंदगी की कमाई बच्चों को सौंप देते हैं। जन्म देते समय, पालना करते समय, पढ़ाई पढ़ाते समय, धन कमाते समय बच्चों के लिए कितना दुःख भोगते हैं। पूर्वजन्म से ही ये प्रारब्ध लाता है।

Time: 51.11-52.48

Student: Baba, for example, a soul leaves the body; four months before it leaves the body, the foetus for it is formed. How does the soul come to know which is its foetus?

Baba: *Arey*, did you come to know [about your soul]? Does anyone come to know about his past birth? (Student: Then how does it reach there (that womb)?) It reaches there as per its *sanskaars*. It has already formed karmic accounts in the previous birth with the mother in whose womb it has to enter as per its *sanskaars*. [It is said:] someone is born where he gains victory. The mother who becomes instrument, the parents who become instrument, the parents who will have to clean the excrements of that soul when it is born as their child, those parents formed such karmic accounts [with that soul] in the past birth . Do the children become the servants of parents or are the parents the servants of their children? (Everyone said: The parents.) They entrust the earnings of the entire life to their children. They suffer so much sorrow for the children while giving birth [to them], while sustaining them, while teaching them, while earning money. [The child] brings this reward [of his deeds] from the previous birth itself.

[13] Parts of the body used to perform actions
[14] Those whose beliefs and practices are opposite to that set by the Father

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समयः 52.49-57.45

जिज्ञासुः बाबा, ब्रह्मा के मुख से जो वाणी निकली उसे वेदवाणी कहा जाता है। तो फिर ये उपनिषद् जो लिखी गयी, ये?

बाबाः वेद पुराने ते पुराने हैं। वेद के बाद तुरंत उपनिषद् नहीं बने। व्याख्या उपनिषदों के रूप में नहीं हुई। वेदों से निकले आरण्यक, उनसे निकले ब्राह्मण, उनसे निकले उपनिषद्। उसके बाद बने हैं पुराण। ये एक दूसरे की व्याख्याएं होती रहीं। क्या? जैसे ब्रह्मा के मुख से जो वाणी निकली, उस मुख से निकली हुई वाणी को व्याख्या की जाती है। अव्वल नंबर के ब्राह्मण के द्वारा व्याख्या की जाती है। तो जो व्याख्या है उनको ब्राह्मण कहा गया। फिर उस व्याख्या को जो गहरे से गहरा फालो कर लेते हैं प्रैक्टिकल जीवन में वो आरण्यक कहे गए। आरण्यक माने जंगल। तुम बच्चों की विजय कब होगी? जब सन्यासी निकलेंगे तब तुम्हारी विजय हो जावेगी। उस ज्ञान की गहराई को जिन सन्यासियों ने जन्म-जन्मान्तर पवित्रता धारण की है वो उस ज्ञान की गहराई को गहराई तक पकड़ेंगे। और गहराई तक पकड़ने के कारण वो जो व्याख्या करेंगे बाबा की वाणी की वो आरण्यक कही जाती है।

Time: 52.49-57.45

Student: Baba, the vani (murlis) that came out from the mouth of Brahma is called *Ved vaani*. Then, what about these Upanishads that were written?

Baba: Vedas are the most ancient. Upanishads were not written immediately after the Vedas. They were not interpreted in the form of Upanishads. Aaranyaks emerged from the Vedas [and then] the Brahmanas emerged from the Aaranyaks; Upanishads emerged from the Brahmanas. After that the Puranas were written. They were clarified one after the other in this way. What? For example, the vani that came out from the mouth of Brahma. Now, the vani narrated through that mouth is clarified. It is clarified by the *number* one Brahmin. So, the clarifications are called Brahmanas. Then, those who *follow* those clarifications in the deepest way in their *practical* life are called Aaranyaks. Aaranyak means jungle. When will you children gain victory? You will become victorious when the Sanyasis come [in knowledge]. The Sanyasis who have assimilated purity for many births will grasp the depth of this knowledge to the deepest extent. And because of grasping it deeply, the clarifications that they give for Baba's vani is called Aaranyak.

बाद में फिर बनते हैं उपनिषद्। उप माने नज़दीक। नज़दीक बैठ करके ज्ञान दिया जाता है। जैसे कठोपनिषद्। एक गुरु और एक समझने वाला चेला। प्रजा कब बनती है? और वारिसदार कब बनता है? एक बैठ करके एक को समझाएगा, सात दिन का कोर्स देगा, फोर्स भरेगा, तो क्या बनेगा? वारिसदार बनेगा। बाप का बच्चा बनेगा। राजाई का हकदार बनेगा। अगर प्रदर्शनी कर दी और ढ़ेरों के ढ़ेर आ गए और प्रदर्शनी में समझ करके चले गए। वो क्या बनते हैं? वो प्रजा बन जाते हैं। तो ऐसा भी टाइम आवेगा कि एक बैठ करके एक को सात दिन तक समझावेगा। दूसरे की दृष्टि, वृत्ति, वाचा, उसका व्यभिचार नहीं लगेगा। क्योंकि जब कोई किसी को समझाता है ज्ञान तो दृष्टि से दृष्टि भी मिलानी पड़ती है। वो दृष्टि अव्यभिचारी होनी चाहिए या व्यभिचारी होनी चाहिए? (सभी ने कहा - अव्यभिचारी।) वाचा। शिष्य प्रश्न

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

पूछेगा, जो समझाने वाला है वो जवाब देगा। किताबें और शास्त्र तो लिमिटेड होते हैं। वो प्रश्नों का समाधान नहीं करते। रामायण पढ़ लो। सबके अलग-अलग प्रश्न आयेंगे रामायण पढ़ने के बाद। उन प्रश्नों का समाधान रामायण की किताब करेगी? नहीं करेगी। कोई भी शास्त्र हो। वो प्रश्नों का समाधान नहीं करेगा। सन्मुख बैठकरके अगर सच्चा ज्ञानी ब्राह्मण होगा तो हर प्रश्न का समाधान करेगा। कोई शास्त्र रिफर करने की जरूरत नहीं। क्योंकि ईश्वरीय ज्ञान शास्त्रों से नहीं आता है। ज्ञान सागर बाप से आता है। तो उपनिषद बने । फिर बाद में उपनिषदों की व्याख्या पुराण बने। ढ़ेर सारे पुराण हैं। अच्छा, टाईम हो गया।

Later on the Upanishads are written. '*Up*' means near. The knowledge is given by sitting close. For example, the 'Kathopnishad'; there is one guru and [just] one disciple to understand. When are subjects formed and when are inheritors formed? When one [person] sits and explains [only] one [person], when he gives him the seven days *course*, fills *force* in him, then what will he (the listener) become? He will become an inheritor, he will become the Father's child [and] he will become the one to have the right for kingship. If an exhibition is held, many come [there] and go away after understanding [the clarifications given] in the exhibitions, what do they become? They become subjects. So, one such *time* will also arrive when one [person] will sit and explain to one [person] for seven days. There won't be the adulteration of the vision, vibrations and speech of the second person. It is because when someone explains knowledge to someone else, he also has to look into his eyes; should that vision be unadulterated or should it be adulterated? (Everyone said: Unadulterated.) [In case of] speech; the student will ask questions and the teacher will reply them. The books and the scriptures have *limited* [knowledge]. They don't have answers for the questions. Read the Ramayana; everyone will have different questions after reading the Ramayana. Will the book of Ramayana have answer for those questions? It will not. It may be any scripture, it won't have answers for the questions. If he is a true knowledgeable Brahmin, he will sit in front and answer every question. There won't be the need to *refer* (study) any scripture because the knowledge of God is not obtained from the scriptures. It is received from the Ocean of Knowledge, the Father. Thus, the Upanishads were formed. Later, the clarifications of those Upanishands were written into Puranas. Many Puranas [were written]. *Acchaa*, the *time* is over. (Concluded)

Email: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info